दिनांक : 26.04.2026 समय : 07.10पीएम

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**सांध्यकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार –**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में नवाचारों, सकारात्मक प्रयासों और वैज्ञानिकों की सराहना की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा– प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त मंच।
- केन्द्र सरकार ने कहा– देशभर में एलपीजी की कमी नहीं, ऑनलाइन बुकिंग 99 प्रतिशत तक बढ़ी।
- प्रदेश में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित। सभी जिलों में पारा 40 डिग्री से ऊपर पहुंचा।

**मन की बात–प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है। आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा यात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ा है।

**बाइट–प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है और हर देशवासी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। श्री मोदी ने बताया कि जनगणना के लिए सभी जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है। जनगणना प्रक्रिया को आसान बनाया गया है ताकि लोग अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकें।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बच्चों को गर्मियों की छुट्टी में कुछ नया सीखने की सलाह दी। श्री मोदी ने गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने का अनुरोध भी किया।

**मन की बात–प्रतिकिया मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण का भोपाल में एक निजी रेस्टोरेंट में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर

आमजन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच है। इसके जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरक कहानियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को सामने लाते हैं, जिससे आमजन को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है।

**मुख्यमंत्री–कोटा दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। पार्वती– काली सिंध–चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। श्री बिरला ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में आगमन पर प्रसन्न्ता व्यक्त की। श्री बिरला ने नव दम्पतियों को बधाई दी।

**सिंधिया–शिवपुरी दौरा**

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज शिवपुरी जिले के पिछोर में 7 करोड़ 95 लाख 82 हजार रूपए की लागत से एकीकृत तहसील भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान श्री सिंधिया ने हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण भी किया। श्री सिंधिया ने जिले के भौंती में जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लिया। यहां पर श्री सिंधिया ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निराकरण किया।

**मौसम**

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है। सीहोर जिले में आज तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ। गर्म हवाएं चलने से लू का प्रकोप रहा। अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता .....

**सीहोर**

वहीं ग्वालियर में भी तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

दतिया में भी भीषण गर्मी के कारण आमजनों का घरों से निकलना दूभर हो रहा है। अधिक जानकारी हमारे संवाददाता से ....

**एलपीजी उपलब्धता**

केन्द्र सरकार ने देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है और किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की सूचना नहीं मिली है। मंत्रालय ने बताया देशभर में ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग करीब 99 प्रतिशत तक बढ़ गई है और ओटीपी आधारित डिलीवरी 94 दशमलव 5 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

**पश्चिम बंगाल–चुनाव प्रचार**

पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार की पूर्व संध्या पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए प्रचार कल थम जाएगा। दूसरे चरण के लिए मतदान बुधवार को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर 24 परगना के बोंगांव में रैली को संबोधित किया। उन्होंने किसानों के हितों को प्राथमिकता बताते हुए जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य और खरीद बढ़ाने जैसे कदमों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए लोगों से बदलाव की अपील की और संदेशखाली की घटनाओं का उल्लेख करते हुए महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। बीजेपी नेता अमित शाह और जे.पी. नड्डा भी विभिन्न इलाकों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी अपने क्षेत्र भवानीपुर में प्रचार कर रही हैं, जबकि अभिषेक बनर्जी भी रैलियों में हिस्सा ले रहे हैं। राज्य में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था। वही, मतगणना 4 मई को होगी।

**आईआईटी यूएसए**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि आने वाले दशकों में भारत की तकनीकी क्षमता ही देश की ताकत तय करेगी। उन्होंने यह बात अमेरिका के लॉस एंजेलिस में आयोजित पैन–आईआईटी एलुमनाई सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कही। इस अवसर उन्होंने शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच गहरे सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय, खासकर आईआईटी के पूर्व छात्रों को भारत और वैश्विक नवाचार के बीच अहम कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि निवेश, मार्गदर्शन, संस्थागत सहयोग और नीतिगत भागीदारी के जरिए उनका योगदान देश के विकास को लगातार मजबूत कर रहा है। इस सम्मेलन में दुनियाभर के तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी, शोधकर्ता और निवेशक शामिल हुए।

**समाचार संक्षेप में :–**

- धार जिले में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें संस्करण को सुना।

- मंडला जिले के महाराजपुर संगम घाट पर आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।
- श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 तीनों परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

.................